# निवेशकों की सुविधा के लिए नीतियों में बदलाव किया जाएगा

# विकास पथ पर दौड़ रहा नया उत्तर प्रदेश : ब्रजेश पाठक

**इकोनॉमिक समिट**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** आज का नया उत्तर प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में बिजली, पानी और सड़क की व्यवस्था विश्वस्तरीय है। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है, इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है। जिसके कारण देश-विदेश से निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करना पसंद कर रहे हैं।

यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की ओर से आयोजित इंडो यूपी-यूएस इकोनॉमिक समिट-2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज सख्त कानून व्यवस्था के कारण अपराधियों में भय है। आज का उत्तर प्रदेश तरक्की के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश-विदेश के निवेश आ रहे हैं। विकास के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों को फोर लेन से जोड़ दिया गया है। देश भर में सबसे ज्यादा हाइवे प्रदेश में बनाए जा रहे हैं।



इंडो यूपी-यूएस इकोनॉमिक समिट में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का स्वागत हुआ।

## उत्तर प्रदेश ब्रांड इंडिया बनकर उभरा: जितिन

मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि उद्योग जगत से जुड़ी चीजों की पूर्ति हो यही, इस समिट का उद्देश्य है। भारत विश्व में अपनी छाप छोड़ने के लिए बड़ी भूमिका में है। उत्तर प्रदेश ब्रांड इंडिया बनाकर उभरा है। भारत के लिए आने वाले अगले 10 वर्ष निर्णायक हैं।

## परपंरागत खेती से आगे बढ़ें: दिनेश प्रताप

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कृषि भूमि लगातार घटती जा रही है। आज जरूरत है कि कम लागत में अधिक मूल्य मिले तभी हम श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सकते हैं। हमें परंपरागत खेती से आगे बढ़कर सोचा होगा। खाद्य प्रसंस्करण से रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे।

## निवेश के लिए लखनऊ काफी बेहतर

इंडो -यूएस समिट में डीएम विशाख जी ने कहा कि निवेश के लिहाज से लखनऊ हर लिहाज से बेहतर है। एससीआर बनने के बाद लखनऊ की कनेक्टिविटी और बढ़िया हो जाएगी। निवेशकों के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। एनओसी के लिए ऑन लाइन प्लेटफार्म है।